दैनिक भास्कर 19/08/2023

जीएमएन कॉलेज में एंटी रैगिंग सप्ताह में कराई भाषण प्रतियोगिता

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज के महिला सेल और अर्थशास्त्र विभाग के सहयोग से एंटी रैगिंग सेल ने एंटी रैगिंग सप्ताह के दौरान भाषण प्रतियोगिता कराई। इसमें 16 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को रैगिंग के संबंध में देश के कानूनों के बारे में जागरूक करना था। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने छात्रों को भारत में रैगिंग के खतरे के बारे में जानकारी दी और ऐसी गतिविधियों के कानूनी, मानसिक और शारीरिक परिणामों के बारे में भी बताया। महिला सेल और एंटी रैगिंग समिति की संयोजक डॉ. सीमा कंसल ने परिसर को रैगिंग मुक्त बनाने और मैत्रीपूर्ण माहौल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।